भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2501

13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

मेडिकल कॉलेज में बीएचएमएस पाठ्यक्रम

2501. डॉ. डी. रवि कुमार:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, मदुरै में वर्तमान में केवल स्नातक (बीएचएमएस) पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता है और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एमडी होम्योपैथी) नहीं पढ़ाया जाता है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या तमिलनाडु में विशिष्ट होम्योपैथिक शिक्षा की मांग बढ़ी है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को उक्त कॉलेज में पीजी पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए तमिलनाडु राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) पीजी सीटों की स्वीकृति के लिए 'राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग' द्वारा निर्धारित मानदंड क्या हैं; और

(ङ) इस संबंध में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा और शैक्षणिक क्षमता को मजबूत करने के लिए राजकीय होम्योपैथिक कॉलेज, मदुरै में स्नातकोत्तर होम्योपैथी पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु सरकार द्वारा प्रस्तावित समय-सीमा और कदम क्या हैं?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): सरकारी होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, मदुरै केवल स्नातक पाठ्यक्रम, नामत: बैचलर ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएचएमएस) प्रदान करता है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के तहत 13 सीटों सहित 63 सीटों की प्रवेश क्षमता है। तमिलनाडु राज्य में, केवल 10 होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज स्नातक पाठ्यक्रम प्रदान कर रहे हैं, जबकि 04 होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों पाठ्यक्रम प्रदान कर रहे हैं। तमिलनाडु राज्य में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करने वाले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों की सूची **संलग्नक-I** में दी गई है। शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए नए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम खोलने के लिए तमिलनाडु राज्य से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ): आवेदन करने और उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम शुरू करने हेतु योजना का प्रावधान "नए होम्योपैथिक चिकित्सा संस्थान की स्थापना (अध्ययन का नया अथवा उच्चतर पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण प्रारंभ करना तथा चिकित्सा संस्थान द्वारा प्रवेश क्षमता में वृद्धि करना), विनियम - 2024" धारा (4) की उप-धारा (2) के तहत निर्धारित किया गया है और आवेदन करने के लिए पात्रता की धारा (5) की उप-धारा (2) के तहत निर्धारित की गई है, जिसका विवरण “https://nch.org.in/upload/MSR-New-College.pdf” पर उपलब्ध है।

(ङ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है और तदनुसार स्नातकोत्तर होम्योपैथी पाठ्यक्रमों की स्थापना का कार्य तमिलनाडु सहित संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। इस तरह के पाठ्यक्रमों की स्थापना राज्य सरकार के प्रस्ताव और उसके बाद राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग अधिनियम, 2020 तथा उसके तहत निर्मित विनियमों के प्रावधानों के अनुसार उस पर विचार किए जाने पर आधारित है। हालांकि, वर्तमान में, राजकीय होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज, मदुरै में स्नातकोत्तर होम्योपैथी पाठ्यक्रम की स्थापना के लिए तमिलनाडु राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****

संलग्नक-I

तमिलनाडु राज्य में स्नातक पाठ्यक्रम संचालित करने वाले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों की सूची		
क्र. सं.	**कॉलेज का नाम**	**सरकारी/ निजी**
1	मार्टिन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, डी.पी.एफ. मिल परिसर, जी.एन. मिल्स (पी.ओ.), मेट्टुपालयम रोड, कोयंबटूर-641029. homoeocollege@gmail.com	निजी
2	श्री साईराम होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और रिसर्च सेंटर, (सप्तगिरी एजुकेशन ट्रस्ट), साई लियो नगर तांबरम वेस्ट चेन्नई-600044. principal@sairamhomoeo.edu.in	निजी
3	वेंकटेश्वर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल नंबर 4/11, समयपुरम मेन रोड, करमबक्कम, पोरुर, चेन्नई-600116. vhmc2000@yahoo.com	निजी
4	डॉ. हैनीमैन होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज, और रिसर्च सेंटर कोनेरीपट्टी, रासीपुरम, नमक्कल जिला - 637408. drhmcrc@gmail.com	निजी
5	एक्सेल होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज एनएच 544 रंगनूर रोड, संकरी वेस्ट पोस्ट, पल्लक्कपालयम, कोमारपालयम, नामक्कल - 637303. principalbhms@excelcolleges.com	निजी
6	गवर्नमेंट होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, तिरुमंगलम, जिला मदुरै - 626706 ghmchtmm@gmail.com	सरकारी
7	आर.वी.एस. होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, 242 बी, त्रिची रोड, सुलूर, जिला कोयंबटूर - 402 rvs.homoeo@gmail.com	निजी
8	शिवराज होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और रिसर्च इंस्टीट्यूट, सिद्धार कोविल रोड, थुम्बाथुलिपट्टी, पेरुममपथी (पी.ओ.), सेलम-636307 sivarajcolleges@yahoo.com	निजी
9	एस.वी.एस. मेडिकल कॉलेज ऑफ होम्योपैथी एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, कल्लाकुरिची विल्लुपुरम जिला-606202 svsmc.trust@gmail.com	निजी
10	श्री बरनी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, तिरुचेंगोडे, नमक्कल shribaranihmch@gmail.com	निजी

तमिलनाडु राज्य में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करने वाले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों की सूची		
क्र. सं.	**कॉलेज का नाम**	**सरकारी/ निजी**
1	सारदा कृष्णा होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज, कुलशेखरम जिला कन्याकुमारी-629161 college@skhmc.org	निजी
2	विनायक मिशन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, चिन्नासीरागापडी, पी.ओ. एनएच 47, संकरी मेन रोड, सलेम- 636308. principal.vmhmc@vmu.edu.in	निजी/डीम्ड विश्वविद्यालय
3	व्हाइट मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, अट्टूर, वीयनूर-629177 जिला कन्याकुमारी wmhmc062@gmail.com	निजी
4	मारिया एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, चेवराकोड कन्याकुमारी मारिया होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, पेराई तिरुवत्तार पी.ओ., कन्याकुमारी जिला-629177 mariahomoeocollege@gmail.com	निजी